Department of Urban Development & Housing
Government of Bihar

Online Computer Based Test (CBT) for Contract Appointment of City Managers under Urban Local Bodies 2020

***Advt. No.-* UD&H/CTM-2020/10 Dated : 24.02.2021**

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या- UD&H/CTM-2020/07 दिनांक 25.01.2021 एवं 2020/08 दिनांक 04.02.2021 के क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित Online Computer Based Test (CBT)-2020 के आधार पर सम्बन्धित विवरण पत्रिका की कंडिका-1 में उल्लिखित सिटी मैनेजर के पदों पर अनुबन्ध/ मानदेय पर नियोजन के प्रयोजन से पैनेल निर्माण हेतु पात्रता सत्यापन तथा मूल प्रमाण पत्रों की जाँच के लिये बुलाये जाने वाले पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों का **अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या- UD&H/CTM-2020/08 दिनांक 04.02.2021 द्वारा पूर्व में ही उपलब्ध करायी गयी है।**

उक्त विज्ञापन के आलोक में अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम दिनांक 09.02.2021 से 11.02.2021 की अवधि में पूर्ण हो चुकी है। अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम की अंतिम तिथि के पश्चात् कुछ अभ्यर्थियों, जो किसी कारणवश अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं हो सके, का आवेदन प्राप्त हुआ है कि उन्हें अभिलेखों का सत्यापन करवाने हेतु समय दिया जाय। अत: वैसे सभी अभ्यर्थी जो विज्ञापन संख्या- UD&H/CTM-2020/08 दिनांक 04.02.2021 के आलोक में निर्धारित अवधि में अभिलेख सत्यापन हेतु किसी भी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके वैसे सभी अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु पुन: एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।

अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम दिनांक 02.03.2021 एवं 03.03.2021 को पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में 10.00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित की जायेगी।

जो अभ्यर्थी उक्त निर्धारित अवधि में अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं होंगे, उन्हें दूबारा किसी प्रकार का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। उनके द्वारा किये जाने वाले किसी भी आग्रह पर विचार नहीं किया जायेगा एवं अभ्यर्थी इसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

2. वैसे अभ्यर्थी जो दिनांक 09.02.2021 से दिनांक 11.02.2021 तक की अवधि में अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित हुए परन्तु अभिलेखों की जाँच के क्रम में कतिपय प्रमाण पत्रों में त्रुटि होने / या उपलब्ध नहीं रहने के कारण उनका सत्यापन को लम्बित रखते हुए दिनांक 15.02.2021 तक संबंधित प्रमाण पत्र जमा करने का निदेश दिया गया था। परन्तु कुछ अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में बांछित प्रमाण पत्र जमा नहीं करा कर बाद में जमा किया है। फिर भी कुछ अभ्यर्थी बाकी रह गये हैं, अत: वैसे अभ्यर्थियों, जो अब तक बांछित अभिलेख जमा नहीं कर पाये, को भी सूचित किया जता है कि वे दिनांक 02.03.2021 तक संबंधित अभिलेख पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 में उपस्थित हो कर जमा कर दें ताकि उनके अभिलेखों की जाँच कर अन्तिम निर्णय लिया जा सके अन्यथा दिनांक 02.03.2021 के बाद कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा एवं अभ्यर्थी इसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

3. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

नोडल पदाधिकारी